जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित
(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-30 | जयपुर, सोमवार, 14 अगस्त, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना का शुभारम्भ : प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं को मिलेंगे स्मार्टफोन



**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार के फैसले निरन्तर इतिहास रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश में नम्बर वन है। अब इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना आईटी क्षेत्र में क्रान्ति के साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण का बड़ा माध्यम बनेगी। योजना के माध्यम से प्रदेश की लगभग हर महिला के हाथ में मोबाइल होगा।

गहलोत गुरूवार को बिड़ला ऑडिटोरियम सभागार में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर एवं लाभार्थी महिलाओं-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान कर योजना का शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में डिजिटल सखी हैण्डबुक 'सीखो डिजिटल, सिखाओ डिजिटल' का विमोचन भी किया। हैण्डबुक में मोबाइल के उपयोग सम्बन्धी समस्त जानकारियां रंगीन चित्रों के साथ समाहित की गई हैं। इस अवसर पर इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना से संबंधित लघु वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई। योजना के अंतर्गत चिरंजीवी परिवारों की 1.35 करोड़ महिलाओं को 3 साल की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्मार्टफोन दिये जाएंगे। प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं एवं छात्राओं को स्मार्टफोन दिये जाने की गुरुवार से शुरुआत हुई है।

## ग्राम पंचायत जैतपुरा में आयोजित हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम



**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत जैतपुरा कार्यालय में सरपंच डॉ.सुरेश गुलिया की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । सिद्धिका सैनी ने बताया गया कि मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम के तहत देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रत्येक गांव में अमृत वाटिका बनाई जाएगी । जिसकी पहल वृक्षारोपण द्वारा की गई ।

## पक्की भायली फाउंडेशन व दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विराट का लहरिया उत्सव हुआ सम्पन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** पक्की भायली व दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विराट द्वारा लहरिया उत्सव अगस्त क्रांति दिवस व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पक्की भायली फाउण्डेशन की फाउंडर सोनू अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर समाज कल्याण की अध्यक्ष डा. अर्चना शर्मा मुख्य अतिथि व महेन्द्र जैन बैराठी बनीपार्क, रोटे. बृजेश गुप्ता अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष बसन्त जैन बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक व क्लबों की 60 अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डा.अर्चना शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा झण्डा लेकर तिरंगा रैली भी निकाली गई। साथ में तीज माता व गणेश जी भगवान की शोभा यात्रा भी निकाली गई। निर्मला जैन एवं दौसा से आई सिंगर ललिता व रूपल ने देश भक्ति गीत व सावन के गीत प्रस्तुत किए। आरती गोयल, अमिता मालू,भावना गहलोत, आभा बाढ़धार आदि ने सावन के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए डा. अर्चना शर्मा ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक त्यौहारों के साथ महिलाओं के संगठन द्वारा अगस्त क्रांति (अंग्रेजो भारत छोड़ो आन्दोलन) जैसे देश भक्ति के महत्वपूर्ण दिवस इतने विशाल स्तर पर मनाने पर प्रसन्नता महसूस हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाऐं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है चाहे वो राजनीति क्षेत्र हो, शिक्षा का या खेल का क्षेत्र हो। उन्होंने आगे वाले चुनाव में महिलाओं को सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विराट की सचिव एवं कार्यक्रम की संयोजिका स्वगृही माओ ने बताया कि इस अवसर पर पक्की भायली फाउण्डेशन की सचिव सरोज सांवरिया, पारिवारिक न्यायालय की कॉउन्सलर संतोष फतेहपुरिया, मंजीत अरोड़ा, भाग्य फाउण्डेशन की को-फाउंडर जया मनराल व प्रियंका गोयल, दिवास क्लब की कीर्ति शर्मा, साकार महिला की निशा पारीक, बाबा बालकनाथ सेवा संस्थान की रीतू अग्रवाल, दया दृष्टि फाउण्डेशन की अल्का चैधरी व पूनम खंगारोत, आर.बी.क्यू. क्लब की अमृताश्री, प्रसिद्ध व्यवसायी संजय झंवर, एडवोकेट बरखा अग्रवाल, बेटी फाउण्डेशन के राज शर्मा, राहुल शर्मा, ब्रांड एम्बेसडर सुनीता मीणा, आईकान पूजा शर्मा, भाग्य फाउण्डेशन की प्रियंका गोयल, नरेन्द्र उपाध्याय, प्रिया सोनी, शालिनी माथुर आदि उपस्थित रहे ।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!
खादी मंदिर
(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)
पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर
हमारे विशेष उत्पादन
सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है
फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!
नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ
बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464
गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध
संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि
संस्था के केन्द्र
उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1
खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040
अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

हमारा वतन
समाचार पत्र की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर
क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी
निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
संपर्क - 9636247286, 9928747286
फ्री परामर्श
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट





# खादी अब डेनिम में भी मिलेगी, KVIC के सीईओ विनीत कुमार बोले- ओणम से लॉन्च होगी नई फेस्टिव रेंज

**जयपुर (हमारा वतन)।** खादी अब डेनिम डिजाइनर लुक में भी मिलेगी। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के डिजाइनर के साथ मिलकर खादी को पहली बार डेनिम में तैयार किया है। कानपुर के स्वराज आश्रम ने निफ्ट डिजाइनर के साथ मिलकर विशेष खादी में डेनिम के जीन्स और शर्ट तैयार किए हैं।

इसके अलावा, खादी केरल के प्रमुख त्योहार ओणम से खादी त्योहारों के लिए 'नई फेस्टिव रेंज' भी ला रहा है। ओणम के बाद राखी, नवरात्र, दशहरा, दीपावली, होली आदि पर विभिन्न राज्यों की संस्कृति व पहनावे को दर्शाने वाले पारंपरिक भारतीय परिधान आधुनिक रंग-रूप में मिलेंगे।

खादी व ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनीत कुमार ने बताया कि भारतीय पारंपरिक परिधानों को निफ्ट के डिजाइनर आधुनिक रंग रूप दे रहे। इसी के तहत केरल के प्रमुख त्योहार ओणम (20 अगस्त) से खादी की विशेष नई फेस्टिव रेंज आ रही है। इसके बाद विभिन्न त्योहारों को दर्शाती खादी की नई रेंज आती रहेंगी। इसमें उस त्योहार, उस राज्य की परंपरा, पहनावे, विशेषता को दर्शाया जाएगा।

फेस्टिव रेंज में सूट, साड़ी, कुर्ता-पाजामा, सूती, रेशमी, पश्मीना को भी शामिल किया गया है। इसके लिए देश के अलग-अलग निफ्ट के डिजाइनर मदद कर रहे हैं। हमारा मकसद खादी को भारत से जोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर लेकर जाना है।



विदेशों में भारतीय परिधानों की खास मांग रहती है। उसी मांग को वैश्विक स्तर पर भारतीय परंपरा को जोड़ते हुए पहुंचाया जाएगा। खादी भारत ही नहीं, दुनिया के लिए एक ब्रांड बनाना है।

**खादी डेनिम में अलग-अलग रेंज लाएगा**-राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर पहली बार उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित स्वराज आश्रम ने खादी से तैयार डेनिम के जीन्स और शर्ट शोकेस किये हैं। यह देखने में बाजार में बिकने वाले डेनिम के जैसे ही है। निफ्ट डिजाइनर की सहायता से कानपुर के बुनकर धीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने इन खादी के डेनिम में जीन्स और शर्ट को तैयार किया है। इसके अलावा धीरेंद्र ने डिजाइनर की सहायता से उपकार फिल्म फेब्रिक से महिलाओं के लिए डिजाइनर कुर्ता भी तैयार किया है।

**कत्था, रतनजोत, अन्नाटो से कर रहे डाई**-केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय की सचिव रचना शाह ने बताया कि पहली बार राष्ट्रीय हथकरघा प्रदर्शनी में प्राकृतिक डाई के परिधानों को भी शोकेस किया गया है। प्राकृतिक डाई से हम पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। देश भर के बुनकरों को इस डाई की जानकारी देना है, ताकि वे भी कैमिकल की बजाय प्राकृतिक डाई का प्रयोग कर सकें। प्रदर्शनी में पहली बार तमिलनाडु ने प्राकृतिक डाई को दर्शाया है।

डिंडीगुल गांधीग्राम खादी ट्रस्ट के बुनकर मनीकंदन ने बताया कि उन्होंने साड़ी, फैब्रिक को प्राकृतिक रंगाई यानी डाई किया है। कैमिकल डाई से धरती के साथ शरीर पर भी नुकसान होता है। इसीलिए भारतीय पारंपरिक रंगाई वाली विधि को दोबारा शुरू किया जा रहा है। इसमें कत्था से ब्राउन, रतनजोत से ग्रे, अन्नाटो से येलो व ओरेंज, ब्रेजिलबुड से पिंक कलर आदि तैयार किया गया है।

# निरोज ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन ने पौधारोपण कर मनाया बिहार पृथ्वी दिवस

**बिहार (हमारा वतन)।** निरोज ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन द्वारा UHS कोहड़ा योगापट्टी में बिहार पृथ्वी दिवस मनाया गया कार्यक्रम में इको क्लब टीम को संस्था द्वारा स्टेट लेवल एनवायरमेंटल लीडरशिप अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों ने पर्यावरण गीत गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के सीईओ डॉ. नीरज गुप्ता रहे ।

कार्यक्रम में डॉ. नीरज गुप्ता ने कहा कि पेड़ पौधे मत करो नष्ट वरना सांस लेने में कष्ट होगा। अगर आज हम अपने आप में बदलाव नहीं करेंगे तो आने वाले समय बड़ा ही भयानक होगा। जिस तरह धरती के पशु - पक्षी विलुप्त होते जा रहे हैं , एक दिन ऐसा समय आएगा धरती से मानव भी लुप्त हो जाएग। इसलिए हम सबको पेड़ पौधों को बचाना है और अपने जीवन से प्लास्टिक को बाय-बाय करना होगा। साथ में यह भी ध्यान रखना है कि अपने आसपास साफ सफाई होनी चाहिए। तभी हम पर्यावरण को



शुद्ध बना सकते हैं और भरपूर ऑक्सीजन हमारे धरती पर रहेगी ।

स्कूल प्रधानाध्यापक शिव कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जिस तरह हम अपने शरीर को कटने जलने से बचते हैं उसी तरह हमें पर्यावरण को भी बचाना होगा। मदर टैरेसा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर अमानुल हक ,संस्था के सदस्य अभय कुमार, इको क्लब टीम के प्रभारी अखिलेश तिवारी, रविंद्र कुमार,नवीन कुमार , आकाश कुमार,अर्पित कुमार, भोला कुमार,विवेक कुमार, दीपमाला कुमारी , रंजीत कुमार , स्कूल शिक्षक संतोष कुमार,संदीप कुमार,संजीत गिरी,नसीम अख्तर, दीनानाथ चौधरी, सतीश कुमार,युगल किशोर प्रसाद, इकबाल राजा, नवीन कुमार , सुरेश प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने पौधा लगाकर मनाया अपने गुरु डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी का जन्मदिन

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा (सकलाना) टिहरी गढ़वाल के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने विद्यालय में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत व विगत तीस सालों से पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया और वृहद स्तर पर पौधारोपण किया । जिसमें बेलपत्री, मोरपंखी, बोटलब्रास, माल्टा, अनार, कड़ीपत्ता के पौधों का रोपण किया। वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा मेरे जन्मदिन पर मेरे विद्यालय के छात्र छात्राओं ने केक, मिठाई व पौधों का सरप्राइज देकर जन्मदिन को मनाया वो बहुत खुशी का पल था। मुझे खुशी इस बात की है कि आज भी गांव में शिक्षकों के प्रति विद्यार्थियों की इस कदर की भावना, गुरु का सम्मान करना बहुत ही काबिले तारीफ हैं। प्रतिमा ने कहा गुरु शिष्य का सम्बंध बहुत पुराना हैं जब गुरु है तभी हमें अच्छी शिक्षा मिलेगी। वही पूजा ने कहा गुरु का सम्मान हमारा व क्षेत्र का सम्मान हैं हमारे वृक्षमित्र गुरुजी हमें जहां पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व पौधारोपण की शिक्षा देते हैं वही पाठ्यक्रम को भी रोचकता से पढ़ाते हैं ये हमारे प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान पौधारोपण में शारद चंद्र बडोनी (प्रधानाचार्य) नवीन भारती, गिरीश कोठियाल, अनूप थपलियाल, राजेन्द्र रावत, रामस्वरूप उनियाल, अंजना गैरोला, पवित्ररानी, ज्योति, लक्ष्मी, भारती, सीता, करिश्मा, काजल आदि उपस्थित रहे ।



# सैनी ऑटो पार्ट्स एंड सर्विस सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के शिव मंदिर, नाथ जी की बगीची, सैनी धर्म कांटे के सामने वाली गली स्थित सैनी ऑटो पार्ट्स एंड सर्विस सेंटर का भव्य शुभारंभ हुआ। पंडित लालचंद दाधीच ने पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई ।सेंटर का उद्घाटन श्री श्री 1008 महंत रामकृष्ण दास महाराज, रामकृष्ण आश्रम चौमूं, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के कर कमलों से किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद चौमूं के सभापति विष्णु कुमार सैनी, विशिष्ट अतिथि पार्षद राजेंद्र सैनी, सैनी समाज भवन निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष सायर सिंह तंवर रहे । इस दौरान माली समाज विकास समिति अध्यक्ष घीसा लाल



सैनी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, पूर्व अध्यक्ष प्रह्लाद अधोपिया, पूर्व अध्यक्ष राधे श्याम तंवर, महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान अध्यक्ष रामेश्वर सिंगोदिया, अभिषेक सैनी, ओमकार तंवर, जगदीश अधोपिया, डॉक्टर जेपी सैनी, सीएम सैनी, शिम्भु दयाल सैनी, अमित सैनी, राजेश जांगिड़, मुकेश अग्रवाल, कपिल रूंडला, रिटायर्ड जेईएन झुंथालाल सैनी आदि लोगों ने शिरकत की । सैनी ऑटो पार्ट्स एंड सर्विस सेंटर के निदेशक प्रहलाद सैनी ने बताया कि हमारे यहां पर सभी टू व्हीलर्स के पार्ट्स और सर्विस संतोषजनक की जाती है। सेंटर की सबसे बड़ी खूबी यही है कि कई पुरानी टू व्हीलर्स कंपनियां जिन्होंने अपने मॉडल बंद कर दिए हैं, जैसे- बजाज स्कूटर, एलएमएल स्कूटर, एम 80, राजदूत, सुजुकी, यामाहा आदि के पार्ट्स भी मिलते हैं । इस दौरान क्षेत्र की खुशहाली की कामना के किए शिव मंदिर में सहस्त्रघट का भी आयोजन किया गया ।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

अंबेडकर विकास समिति चौमूं

जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

हमारे उत्पाद

दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान




मोहन लाल बुनकर
अध्यक्ष

रामजी लाल वर्मा
मंत्री

शंकर लाल वर्मा
सहा. मंत्री





# नितिशा शर्मा तीसरी बार बनी राजस्थान आरएसडीसी बाल कल्याण अध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)।** आरएसडीसी परिषदों के सदस्यों की बैठक क्लार्कस आमेर में आयोजित की गई। एआर तुषार सोगानी को एसोचैम राजस्थान के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। नितिशा शर्मा तीसरी बार राजस्थान आरएसडीसी बाल कल्याण की अध्यक्ष चुनी गई हैं ।एसोचैम भारत का एक सदी पुराना शीर्ष चैंबर है, जिसने 1920 में भारतीय उद्योग के लिए मूल्य सृजन का अपना प्रयास शुरू किया था। 100 से अधिक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय क्षेत्र परिषदों के साथ, एसोचैम भारतीय उद्योग, व्यापार संघों का एक प्रभावशाली प्रतिनिधि है, यह पूरे भारत से 4.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष एमएसएमई सदस्यों को सेवा प्रदान करता है।

# 15 अगस्त को शहीदों की याद में होगा कार्यक्रम

## आजादी पर्व पर गूंजेंगे वतन परस्ती के नगमे, वीरांगनाओं का होगा सम्मान

जयपुर (नि.सं.)। स्वतंत्रता दिवस पर रंग कलश संस्था व गारमेंट्स एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की ओर से देश के वीर जवानों के नाम वतनपरस्ती गीतों की खुशनुमा शाम ए मेरे प्यारे वतन कार्यक्रम महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में वीर शहीदों की माताओं व पत्नियों का सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी सीताराम अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक रफीक खान, सेवानिवृत्त मेजर जनरल डॉ. एससी पारीक और रामदास अग्रवाल मौजूद रहेंगे। रंग कलश संस्था सचिव नंदकिशोर पारीक ने बताया कि 15 अगस्त की शाम 5 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में मुंबई समेत जयपुर के कई जाने-माने सिंगर्स वतन परस्ती तरानों को अपनी सुरीली आवाज में पिरोएंगे और देशभक्ति का जज्बा जगाएंगे।




# सीकर की नवलगढ़ पुलिया की चौड़ाई होगी चार लेन

■ मुख्यमंत्री ने दी 83.01 करोड़ रुपए की स्वीकृति

जयपुर(नि.सं.)। सीकर शहर में स्थित नवलगढ़ पुलिया (आरओबी) की चौड़ाई दो लेन से बढ़ाकर चार लेन की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 83.01 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। गहलोत के इस निर्णय से आमजन को यातायात में सुगमता होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा**

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

**हमारे बिक्री भण्डार**

❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

**उत्पादन केन्द्र**

● खादी आश्रम कोटा ● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल ● खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

आ.ल. खाण्डेकर - संरक्षक
राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष
प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक
रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष
कमल किशोर शर्मा - मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**खादी ग्रामोद्योग भण्डार**

(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)



- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)**

**हमारे खादी उत्पादन**
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

**ग्रामोद्योग उत्पाद**
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष
मातादीन शर्मा - उपाध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - सहायक मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❉ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❉ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❉ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❉ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❉ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❉ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❉ खादी निकेतन, बागीदौरा
❉ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष
गणपत लाल जैन - मंत्री
इच्छा शंकर शर्मा - सहायक मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**राजस्थान खादी संघ**

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्रों में


❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जोहरी बाजार ,अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ,।

❒ खादी भंडार जोधपुर, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

**हमारे उत्पाद**

सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदीये

राधेश्याम गुप्ता, : अध्यक्ष
महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री
चमेल सिंह : उपाध्यक्ष
बाबूलाल यादव: मंत्री



# जब कंगना खुद को करती हैं GOOGLE पर सर्च तब लिखा आता है- दस साल पहले मेरे...

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म चंद्रमुखी 2 को लेकर खबरों में छाई हुई हैं। कंगना की इस फिल्म से हर दिन नई अपडेट्स सामने आ रही हैं। एक्टिंग के साथ कंगना सोशल मीडिया पर अपनी बयानबाजी के लिए भी जानी जाती हैं। वह अपनी बात को हमेशा बिना किसी संकोच के लोगों के सामने रखती हैं। बॉलीवुड स्टार्स से उनके पंगे भी कुछ कम नहीं है। ऐसे में अब एक्ट्रेस का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि जब वह खुद को गूगल पर सर्च करती हैं तो सबसे पहले उनके लिए क्या लिखा आता है।

**जब कंगना करती हैं खुद को गूगल पर सर्च तब ये लिखा आता है**-कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में वह लिखती हैं, दूसरी एक्ट्रेसेस के गूगल पेज पर उनके काम और आगामी प्रोजेक्ट और (अभिनेता, लेखक, निर्देशक, निर्माता) के बारे में खबरें हैं। वहीं, मेरे Google पेज पर मेरा नाम सर्च करते ही आता है, दस साल पहले मेरे बारे में किसने क्या कहा था... या जब मैंने दस साल पहले ऐसा कहा था तो मेरा क्या मतलब हो सकता था... हा हा... बस यही आज की कहानी है। कंगना का ये मजेदार पोस्ट उनके फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

**चंद्रमुखी 2 में छाया कंगना का लुक**-चंद्रमुखी 2 से कंगना रनौत का पहला लुक हाल ही में 5 अगस्त को जारी किया गया। इसमें उनका शाही अंदाज देखने लायक था। कंगना घुंघराले बालों और और तीखे तेवर से फैंस को इंप्रेस करती नजर आई। उनके लुक को देखते हुए इस बात का साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग के दम पर फैंस का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस पोस्टर के साथ कंगना रनौत ने लिखा था, सुंदरता और मुद्रा जो हमारा ध्यान खींच लेती है! पेश है चंद्रमुखी 2 से चंद्रमुखी के रूप में कंगना रनौत का ईर्ष्यापूर्ण, प्रभावशाली और भव्य पहला लुक। बता दें कि कंगना से पहले 31 जुलाई को राघव लॉरेंस का फर्स्ट लुक सामने आया था, जो कि काफी दमदार था। ये फिल्म गणेश चतुर्थी के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-


# मत सोचिए कि मेरा क्या बिगड़ जाएगा

आपने क्या कभी दो-लेन वाली सड़क पर ट्रैफिक जाम में धैर्यपूर्वक इंतजार किया है? क्या आपने देखा है कि कोई दूसरा वाहन गलत ढंग से आपसे आगे निकल गया और सड़क को पहले से ज्यादा जाम कर दिया? क्या आपने देखा है कि कॉलोनियों में आपके पड़ोसी अपने घर के सामने सड़क का अतिक्रमण कर रहे हैं? क्या आपको कभी ऐसा महसूस हुआ है कि कोई वाट्सएप ग्रुप किसी खास मकसद से शुरू किया गया था, पर कुछ लोगों ने अपने एजेंडे के लिए उस पर कब्जा कर लिया, उसमें चल रहे संदेशों पर एकाधिकार कर लिया, जिससे उस समूह की एकजुटता खत्म हो चुकी है? हमारे वाट्सएप समूहों में आए दिन ऐसा होता है। कुछ सदस्यों को समूह से बाहर कर दिया जाता है और वह समूह टूट जाता है, फिर एक ही समूह के अनेक उप-समूह बन जाते हैं। यदि आपको इनमें से कोई भी अनुभव हुआ है, तो इसका मतलब है, आपने भी 'ट्रेजेडी ऑफ कॉमन्स' या आम लोगों की त्रासदी का अनुभव किया है। ऐसी घटनाओं का गहरा अध्ययन जीव विज्ञानी गैरेट हार्डिन ने किया है।इस घटना को हार्डिन के एक उदाहरण से सबसे अच्छी तरह से समझा जा सकता है। जहां एक साझा चरागाह है, जिसमें ग्रामीण अपने मवेशियों को चराने के लिए राजी होते हैं। यदि सभी ग्रामीण अपना वादा निभाएं, तो यह व्यवस्था सही चल सकती है। भले ही कुछ लोग लापरवाही बरतें और अपने मवेशियों को जरूरत से ज्यादा समय चरने दें, पर तब भी व्यवस्था काम करती रहती है। हालांकि, एक बार जब चोरी-छिपे किया जाने वाला गलत व्यवहार चरम पर पहुंच जाता है, तब कुछ लोगों के स्वार्थ के चलते पर्यावरण विनाश होने लगता है, जिससे हर कोई साझा सुविधा या व्यवस्था से वंचित होने लगता है।मामला वनों की कटाई का हो, प्रदूषण, पानी की कमी, अत्यधिक मछली पकड़ने या कॉरपोरेट राजनीति का हो, हर जगह कुछ लोग नियम तोड़ते हैं और जल्द ही बाकी सब लोग उनका अनुसरण करने लगते हैं। मानव व्यवहार का कमजोर पहलू ऐसी गिरावट को और बढ़ा देता है, लेकिन अपने में मस्त रहने की लापरवाह प्रवृत्ति जब चरम पर पहुंचती है, तो सब कुछ बदल जाता है। याद कीजिए, 1994 में गुजरात का सूरत शहर प्लेग की चपेट में आ गया था। लगभग 60 लोगों की मौत हुई थी। उस त्रासदी ने ऐसे प्रेरित किया कि सबने मिलकर शहर को साफ किया। सूरत में हुआ बदलाव एक 'केस स्टडी' बन गया। ध्यान रहे, प्लेग रातोंरात नहीं आया था। शहर में लाखों टन कचरा सड़ रहा था, तो चूहे भी बेहिसाब हो गए थे। वहां भी आम लोग तभी जागे या कूड़ा जनित त्रासदी का चक्र तभी टूटा, जब गंदगी या प्लेग के प्रति उदासीनता चरम पर पहुंच गई। हालांकि, किसी शहर को साफ करने के लिए वैसे प्लेग की कतई जरूरत नहीं है।


राम गोपाल सैनी

# राजस्थान आदिम जाति सेवक संघ के मंत्री ने दी विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजधानी जयपुर के झालाना डूंगरी संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान आदिम जाति सेवक संघ के मंत्री भुवनेश शर्मा शर्मा ने विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री भुवनेश शर्मा ने बताया कि राजस्थान आदिम जाति सेवक संघ जयपुर भारतीय आदिम जाति सेवक संघ नई दिल्ली से संबंधित राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र उदयपुर बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बूंदी क्षेत्र में 1956-57 से आदिवासी जनजातियों के शैक्षणिक उत्थान के लिए आदिवासी छात्रावासों एवं आर्थिक उत्थान के लिए खादी ग्रामोद्योग का कार्य कर रही है।



# भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी फिर निकली सत्य

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी फिर सत्य साबित हुई है। शाहपुरा के सुभाष सैनी को कुंडली देखकर 10 महीने पहले ही बता दिया था कि आपके सरकारी नौकरी का योग है। सुभाष सैनी ने आचार्य द्वारा बताने पर हनुमान चालीसा के निरंतर पाठ किए । साथ ही लक्ष्य बनाकर पढ़ाई की । एग्जाम देने पर सुभाष सैनी का कंप्यूटर अनुदेशक में चयन हुआ। इस दौरान सुभाष सैनी ने आचार्य को माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान किया। निरंतर भविष्यवाणी सटीक होने पर आचार्य ने बताया कि कर्म प्रधान है ज्योतिष एक गाइडेंस है, कर्म करोगे तो फल जरूर मिलेगा। इस अवसर पर रामजी लाल सैनी, मुकेश शर्मा ,सुनील सैनी, सुमित्रा सैनी ,अरुण सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



## आज़ादी दिवस (कविता)

आज़ादी के दिवस तिरंगा,
नित विश्व गगन में फहराएं।
शहादत दी मां के वीरों ने,
याद उन्हें कर शीश झुकाएं।
जिनमें था अदम्य शौर्य साहस संग,
राष्ट्रभक्ति आज़ाद-ख़याली जूनून।
जबतक तन से बहा लहू का कतरा,
कभी ना मिटा उन्मुक्तता का सुरूर।
निर्दयी जो शहीदों को सज़ा-ए-मौत,
फ़रमान देने से नहीं कभी कतराए।

सह काले पानी की असह्य सजा,
खा मुट्ठी भात बना धरा बिछौना।
हमेशा जोश जुनून जज़्बे के आगे,
ज़ालिम का ज़ुल्म बिल्कुल बौना।
ले सीख निज वतन परस्ती खातिर,
मिल हम राष्ट्रवादी राष्ट्रत्व रुझाए।

तेज तर्रार हुंकार हिम्मत के बल पर,
आज भी शत्रु का जो दिल दहलाए।
निशि - दिन हर आफ़त से लड़कर,
शरहद पर वतन की प्रतिष्ठा बढ़ाए।
दे ऐसे वीर-वीरांगनाओं को सम्मान,
आज़ादी का मिल हम क़र्ज़ चुकाए।


-महेन्द्र सिंह कटारिया,सीकर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी
❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

शाखा केन्द्र
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

राम भरोसी गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित**

**भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए**

"मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।"

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा